


Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जनसंख्या वृद्धि का परिमाण दर्शाता हैं?**

(अ) प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या
(ब) एक क्षेत्र की कुल जनसंख्या
(स) जनसंख्या वृद्धि की दर
(द) प्रत्येक वर्ष लोगों की संख्या में होने वाली वृद्धि

**2. भारत में प्रवासियों का अनुपात उद्गम क्षेत्र से दूरी के साथ-**

(अ) घटता है
(ब) बढ़ता है
(स) स्थिर रहता है
(द) महिला प्रमुख रहता है

**3. आंतरिक प्रवास का क्या अर्थ है?**

(अ) अंतर्देशीय
(ब) अंतर्राज्यीय
(स) दो देशों के बीच
(द) संघीय क्षेत्रों के बीच

**4. निम्नलिखित में से किसी क्षेत्र में प्रवास, आबादी की संख्या, वितरण एवं संरचना में परिवर्तन लाता है?**

(अ) आगमन वाले क्षेत्र में
(ब) प्रस्थान एवं आगमन दोनों क्षेत्र में
(स) प्रस्थान करने वाले क्षेत्र में
(द) इनमें से कोई नहीं

**5. भारत में पहली सम्पूर्ण जनगणना कब हुई?**

(अ) 1891
(ब) 1872
(स) 1901
(द) 1881

**6. निम्नलिखित में से किस राज्य में शहरी जनसंख्या का अनुपात (सन् 2001 की गणना के अनुसार) सर्वाधिक है?**

(अ) केरल
(ब) गुजरात
(स) महाराष्ट्र
(द) तमिलनाडु

**7. सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या कितनी है?**

(अ) 328.7 करोड़
(ब) 102.2 करोड़
(स) 318.2 करोड़
(द) 20 करोड़

**8. जनसंख्या में बच्चों का एक बहुत बड़ा अनुपात। निम्नलिखित में से किसका परिणाम है?**

(अ) अधिक विवाहिता जोड़े
(ब) उच्च जीवन दर
(स) उच्च जन्म दर
(द) उच्च मृत्यु दर

**9. निम्नलिखित में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है?**

(अ) केरल
(ब) पश्चिम बंगाल
(स) उत्तर प्रदेश
(द) पंजाब

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**10. अरूणाचल प्रदेश का जन घनत्व कितना है?**

(अ) 17 (ब) 27

(स) 20 (द) 30

## रिक्त स्थान

11. जीवन प्रत्याशा आयु बढ़ने से देश में ______________की जनसंख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

12. ______________ में लिंगानुपात सबसे अधिक 1058 है जबकि ______________ में सबसे कम 861 है।

## सत्य/असत्य

13. भारत की जनगणना के अनुसार 36.5% किशोर, 56.7% प्रौढ़ तथा 6.8% वृद्ध हैं।

14. जनसंख्या में बच्चों का एक बहुत बड़ा अनुपात उच्च जन्म दर का परिणाम है।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. जन्म दर को परिभाषित करें।

16. आयु संरचना को परिभाषित करें।

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. आयु संरचना, जन्म दर एवं मृत्यु दर को परिभाषित करें। संक्षेप में उत्तर दें।

18. 1981 से भारत में जनसंख्या वृद्धि दर क्यों घट रही है? संक्षेप में उत्तर दें।

## निबंधात्मक प्रश्न

19. लोगों की गुणवत्ता से आप क्या समझते हैं? यह किन कारकों पर निर्भर है?

20. भारत के सबसे अधिक घने आबाद क्षेत्रों के नाम बताइए। इनकी जनसंख्या घनी क्यों हैं?

## HOTS

21. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## उत्तरमाला

1. **(द)** प्रत्येक वर्ष लोगों की संख्या में होने वाली वृद्धि
2. **(अ)** घटता है
3. **(अ)** अंतर्देशीय
4. **(ब)** प्रस्थान एवं आगमन दोनों क्षेत्रों में
5. **(द)** 1881
6. **(द)** तमिलनाडु
7. **(ब)** 102.2 करोड़
8. **(स)** उच्च जन्म दर
9. **(ब)** पश्चिम बंगाल
10. **(अ)**
    अरूणाचल प्रदेश न्यूनतम जनघनत्व वाला राज्य है।
11. वृद्धों
12. केरल, हरियाणा
13. सत्य
14. सत्य
15. **जन्म दर (Birth rate):** एक वर्ष के दौरान 1000 लोगों पर जीवित पैदा हुए बच्चों की संख्या।
16. **आयु संरचना:** किसी देश में जनसंख्या की आयु संरचना वहाँ के विभिन्न आयु समूहों के लोगों की संख्या को बताता है। यह जनसंख्या की मूल विशेषताओं में से एक है।
17. **आयु सरंचना:** आयु के आधार पर जनसंख्या को विभिन्न वर्गों में रखना।
    **जन्म दर:** वर्ष के मध्य में जीवित बच्चों की संख्या प्रति हजार जनसंख्या के सामने।
    **मृत्यु दर:** प्रति हजार जनसंख्या के पीछे मरने वाले लोगों की संख्या।
18. 1981 से भारत में जनसंख्ये वृद्धि दर घटने के निम्न कारण-
    i. भारत में जन्म दर को नियन्त्रित करने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं
    ii. जन्म दर नियंत्रण
    iii. शिक्षा का प्रसार
    iv. महिला जागरूकता
    v. परिवार नियोजन

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**19.** लोगों की गुणवत्ता में उनकी कार्यक्षमता या उत्पादकता, उनका वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास, उनके सांस्कृतिक मूल्य, उनके सामाजिक एवं राजनैतिक संगठन सम्मिलित हैं। इनका उच्च स्तरीय विकास, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर लोगों का जीवन-स्तर ऊँचा उठाता है। अतः मानव संसाधनों का अधिक-से-अधिक अच्छे ढंग से विकसित, शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना आवश्यक है। मानव संसाधनों के विकास पर देश संसाधन का विकास निर्भर होता है।

**कारक-**

i. शिक्षा

ii. स्वास्थ्य

iii. कार्य कुशलताओं का विकास

iv. कार्य के प्रति लगन

v. चरित्र-निर्माण

vi. सामाजिक भावना।

**20.** उत्तरी मैदान, बंगाल को खाड़ी के तट पर फैले डेल्टा प्रदेश और गुजरात के मैदान सहित पश्चिम के तटीय मैदान सघन आबादी वाले क्षेत्र हैं।

i. इन क्षेत्रों में घनी आबादी का प्रमुख कारण समतल, विस्तृत एवं उपजाऊ मैदान का होना है। देश की अधिकांश जनसंख्या के भरण-पोषण की इन मैदानो में क्षमता है।

ii. इन क्षेत्रों में वर्षा अच्छी होती है। कृषि को प्रर्याप्त जल प्राप्त हो जाता है। वर्षा की कमी सिंचाई के साधन से पूरी कर ली जाती है। फलतः वर्षा 2-3 फसले उगा पाना आसान रहता है।

iii. समतल मैदानों ने यातायात के साधनों को प्रोत्साहन दिया है, जिससे सुविधाओं से युक्त बना है।

iv. कृषि उत्पादों से अनेक उद्योग-धंधे यहाँ विकसित हो सके हैं।

**21. जनसंख्या नीति की मुख्य विशेषताएँ है-**

i. जनसंख्या की स्थिरीकरण के लिए भारत 1952 से जनसंख्या नीति लागु कर रहा है। इसका उद्देश्य था देश के विकास को प्रोत्साहन और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि।

ii. 14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा।

iii. व्यापक स्तर पर टीकाकरण द्वारा बीमारियों से बच्चों को छुटकारा।

iv. लड़कियों की शादी की उम्र को बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित करना।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES